हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 21 अप्रैल 2024

06 मानव जीवन में भगवान की अविरल भक्ति ही...



07 चोरी गई मारुति ओमनी वैन को पुलिस ने किया...





### ओवरलोडिंग से क्षेत्र की सड़कें भी खराब हो रही है, इसके साथ हादसे हो रहे हैं

# अवैध उत्खनन: शीलकंठ क्षेत्र में रेत माफिया सक्रिय, बिना रॉयल्टी ओवरलोडिंग वाहनों से निकली जा रही है रेत

बताया जा रहा है कि रेत माफिया जहां से नर्मदा नदी की धार को कमजोर कर लीड बनाकर पोकलेन मशीन की सहायता से सैकड़ों डंपर रेत रोजाना अवैध तरीके से निकाल रहे हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





सीहोर में बुदनी भेरूंदा क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन कार्य चल रहा है। जहां माफिया बेरोक टोक नर्मदा नदी से बड़ी मात्रा में रेत निकाल रहे हैं। माफिया के हौसले इतने बुलंद हैं कि प्रतिबंधित रेत खदानों से भी वह खनन कर रहे हैं। इतना ही नहीं नर्मदा की धारा रोककर बीच नदी में लीड बनाकर पोकलेन मशीनों की सहायता से सैकड़ों डंपर रेत का खनन अवैध तरीके से किया जा रहा है तो वहीं जिम्मेदार विभाग की अनदेखी से एक तो नदी को नुकसान पहुंच रहा है, वहीं राजस्व की भी हानि हो रही है।

जानकारी के मुताबिक इन दिनों बुदनी विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत आने वाले शील कंठ क्षेत्र में अवैध रेत खनन कार्य जारी है। बताया जा रहा है कि रेत माफिया जहां से नर्मदा नदी की धार को कमजोर कर लीड बनाकर पोकलेन मशीन की सहायता से सैकड़ों डंपर रेत रोजाना अवैध तरीके से निकाल रहे हैं, जबकि शीलकंठ घाट जिले में एक धार्मिक महत्व रखता है, यहां नर्मदा स्नान के लिए श्रद्धालु पहुंचते हैं, इस बात को ध्यान में रखते हुए प्रशासन यहां पर रेत की खदान भी आवंटित नहीं की है। लेकिन खनन माफिया नियमों को धता बताते हुए यहां से रेत निकाल रहे है बड़ी बात यह है कि खनिज विभाग इस ओर ध्यान ही नहीं दे रहा है, इससे विभाग के अफसरों की कार्य प्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। चर्चा ऐसी भी है कि अफसर और नेता और माफिया की सांठगांठ से ही नर्मदा नदी में रेत का अवैध कारोबार चल रहा है।

### बिना रायल्टी और ओवर लोडिंग

क्षेत्र में रेत खदानों से सांठगांठ के चलते बिना रायल्टी के रेत तो निकाला ही जा रहा है, अंधाधुंध रेत निकाले जाने के कारण से नदी को नुकसान पहुंच रहा है। इसके साथ ही ओवरलोडिंग से क्षेत्र की सड़कें भी खराब हो रही है, इसके साथ हादसे हो रहे हैं, इस कारण से ग्रामीण जनों में काफी नाराजगी देखी जा रही है, जिला खनिज अधिकारी राजेंद्र परमार ने कहा है कि विभाग रेत निकालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे।

## खबर संक्षेप

### रीवा एक्सप्रेस निरस्त, जबलपुर सोमनाथ बदले रूट से जाएगी

**सीहोर**। कटनी-बीना खंड में तीसरी लाइन निर्माण के चलते गणेशगंज स्टेशन पर प्रस्तावित ब्लॉक के कारण अंचल से गुजरने वाले रीवा एक्सप्रेस और जबलपुर-सोमनाथ एक्सप्रेस निरस्त रहेंगी। इसके साथ ही कई अन्य ट्रेनें भी प्रभावित होंगी। रेलवे के अनुसार 30 अप्रैल को रीवा से चलने वाली गाड़ी संख्या 11703 रीवा-डॉ. अंबेडकर नगर एक्सप्रेस और 1 मई को डॉ. अंबेडकर नगर से चलने वाली गाड़ी संख्या 11704 डॉ. अंबेडकर नगर-रीवा एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। इसी तरह 29 अप्रैल को सोमनाथ से चलने वाली गाड़ी संख्या 11465 सोमनाथ-जबलपुर एक्सप्रेस ट्रेन बदले हुए रूट से जाएगी। इसके साथ ही दक्षिण मध्य रेलवे सिकंदराबाद मंडल में बोनाकालू-चिंताकानि-प दिल्लपल्ली स्टेशन एवं एरूपालेल-तोंडलगोपावर म-मधिरा स्टेशनों के बीच तीसरी लाइन डालने के लिए प्रस्तावित ब्लॉक के कारण कुछ ट्रेनें प्रभावित होगी। रेलवे के अनुसार 28 एवं 30 अप्रैल 5, 7 एवं 20 मई को इंदौर से चलने वाली गाड़ी संख्या 22645 इंदौर-कोच्चुवेली एक्सप्रेस ट्रेन निरस्त रहेगी। वहीं 30 अप्रैल तथा 2, 7, 9 एवं 18 मई को कोच्चिवली से चलने वाली गाड़ी संख्या 22646 कोच्चुवेली-इंदौर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। 4, 11 एवं 18 मई को हिसार से चलने वाली गाड़ी संख्या 09715 हिसार-तिरुपति स्पेशल निरस्त रहेगी।

### 4 बाइक से सागौन की 9 नग सिल्ली पकड़ी

**सीहोर**। लाड़कुई वन क्षेत्र से रात के समय जंगलों से काटी गई सागौन की बाइकों से बेचा जा रहा है। जिसकी शिकायत पर गुरुवार शुक्रवार को दरमियानी रात को वन परिक्षेत्र अधिकारी लाड़कुई प्रकाशचंद्र उइके ने दल का गठन किया गया। दल ने बनियागांव से भैसान एवं ढाढिया से रिठवाड़ मार्ग पर गश्ती की। इसी दौरान रात्रि के लगभग 12 बजे से सुबह 4.30 बजे तक अलग-अलग स्थान से वाहन आता हुआ दिखाई दिया । गांव भैसान एवं ढाढिया के पास वन अमले के द्वारा घेराबंदी कर दो अलग-अलग स्थान से चार मोटरसाइकिल एवं 9 नग सागौन की सिल्ली जिसकी कीमत 18414 तथा बाइक जब्त की है।

### बीजों के विक्रेता को लायसेंस लेना अनिवार्य

**सीहोर**। औषधीय फसलों एवं सब्जी, मसाला, पुष्प के बीजों का व्यापार करने वाले व्यापारी को उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लिये बिना विक्रय नहीं किया जा सकता है। बीजों के व्यापार करने के लिये विक्रेता उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। बिना बीज लायसेंस के व्यापार करते पाये जाने पर विक्रेताओं के विरूद्ध बीज अधिनियम-1966 एवं बीज नियंत्रण आदेश 1983 में उल्लेखित प्रावधान अनुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव को लेकर तैयारियां, सर्व ब्राह्मण समाज के द्वारा घर-घर जाकर आमंत्रण अभियान किया शुरू

### 10 मई को निकाली जाएगी वाहन रैली और 12 मई को भव्य चल समारोह

**सीहोर**। हर साल की तरह इस साल भी सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वाधान भगवान परशुराम का जन्मोत्सव आस्था और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस मौके पर 10 मई से विभिन्न कार्यक्रमों की शुरूआत की जाएगी। कार्यक्रम को भव्य रूप से मनाए जाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई है। शोभा यात्रा सहित अन्य कार्यक्रम को लेकर शनिवार से शहर के छावनी स्थित खजांची लाइन में ब्राह्मण समाज एकत्रित हुए और उसके पश्चात घर-घर आमंत्रण अभियान शुरू किया गया। इसके अलावा पदाधिकारियों की एक विशेष बैठक का आयोजन भी किया गया। इस मौके पर समाज के अध्यक्ष दीपक शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

सर्व ब्राह्मण समाज के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। आगामी 10 मई को सुबह आठ बजे शहर के खजांची लाइन पर भगवान का अभिषेक और आरती की जाएगी और उसके पश्चात भव्य रूप से वाहन रैली निकाली जाएगी। इसके अलावा शाम को महिला मंडल द्वारा कलश एवं पूजन थाली सजावट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। आगामी 12 मई को शाम पांच बजे विशाल चल समारोह निकाला जाएगा। इसके पश्चात रात्रि आठ बजे शहर के बाल विहार ग्राउंड पर भोजन प्रसादी का इंतजाम किया जाएगा। इस मौके पर पुरुषों के द्वारा सफेद कुर्ता-पजामा और महिलाओं के लिए पीली साड़ी रहेगी।



अध्यक्ष श्री शर्मा ने इसके लिए पदाधिकारियों की घोषणा की है। जिसमें धर्मशाला ट्रस्ट अध्यक्ष मनोहर शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष सुदीप व्यास, महिला मंडल अध्यक्ष नीलम शर्मा, चल समारोह अध्यक्ष आशुतोष शर्मा मोन, महिल अध्यक्ष चल समारोह शोभा शर्मा, महामंत्री रमाकांत समाधिया, चल समारोह संयोज राजेन्द्र शर्मा कल्लू, प्रभारी प्रवीण तिवारी, युवा संगठन अध्यक्ष नयन जोशी, कोषाध्यक्ष रुपेश तिवारी, राकेश शर्मा, सह संयोजक राजेश मोहन शर्मा, नवीन मिश्रा, भोजन व्यवस्था प्रभारी चंद्रमोहन शर्मा, मुरली शर्मा, चल समारोह सह प्रभारी योगेश श्रोत्रिय, नवनीत उपाध्याय, खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रभारी महेन्द्र शर्मा, राकेश शर्मा, प्रचार-प्रसार दीपक पुरोहित, सुनील शर्मा, सतीश भार्गव, नितिन उपाध्याय, महामंत्री युवा संगठन ऋषि पाराशर, पूजन व्यवस्था प्रभारी अशेक पाराशर आदि को नियुक्त किया गया है।

# सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में सीहोर जिला फिर अव्वल

**सीहोर**। सीएम हेल्प लाइन की शिकायतों के निराकरण में सीहोर जिला पिछले कई माहों से प्रदेश में लगातार प्रथम स्थान पर आ रहा है। इस बार भी सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में सीहोर जिला इस माह भी प्रदेश में नंबर-1 स्थान पर आया है। कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह के कुशल मार्गदर्शन में सभी जिला अधिकारियों द्वारा विगत कई माह से सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जा रहा है और हर माह प्रदेश की रैंकिंग में सीहोर जिले को टॉप पर बनाए हुए है। सीएम हेल्पलाइन की 19 अप्रैल को जारी रैंकिंग के अनुसार सीहोर जिले में माह अप्रैल में सीएम हेल्पलाइन की कुल 5811 शिकायतों निराकरण का 77% वैटेज स्कोर के साथ निराकरण किया गया। जबकि उज्जैन दूसरे स्थान पर तथा विदिशा तीसरे स्थान पर रहा।

कलेक्टर प्रवीण सिंह द्वारा सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के त्वरित और संतुष्टिपूर्ण निराकरण के लिए लगातार अधिकारियों को मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। वे प्रतिदिन नियमित रूप से सभी विभागों की सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करने के साथ ही अधिकारियों को हितग्राहियों से त्वरित संवाद स्थापित कर शिकायत का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के लिए प्रेरित करते है।

इसके साथ ही प्रत्येक सप्ताह आयोजित होने वाली समय सीमा बैठक में भी सीएम हेल्पलाइन की विभागवार समीक्षा करते है। कलेक्टर श्री सिंह ने जिला पंचायत सीईओ तथा अपर कलेक्टर सहित सभी विभागों के जिला अधिकारियों को लगातार सीएम हेल्पलाइन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर बधाई देते हुए आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण की अपेक्षा की है। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन प्रशासन में शुचिता, पारदर्शिता तथा सुशासन लाने का बेहतर माध्यम होने के साथ ही आमजन की समस्याओं के निराकरण का अच्छा माध्यम है। उन्होंने कहा कि हमारा सदैव यह प्रयास होना चाहिए कि लोगो की शिकायतों और समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण कर उन्हें राहत दी जाए। शिकायतों के त्वरित और संतुष्टिपूर्ण निराकरण से आमजन का प्रशासन पर भरोसा भी बढ़ता है।

कलेक्टर प्रवीण सिंह द्वारा प्रतिदिन सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा के साथ ही हर टीएल बैठक में विभागवार, जनपदवार तथा तहसीलवार विस्तार से सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा की जाती है। समीक्षा के दौरान अधिकारियों द्वारा निराकरण में आने वाली कठिनाइयों का कलेक्टर श्री सिंह द्वारा त्वरित समाधान किया जाता है। जिसके सार्थक परिणाम के रूप में सीहोर जिला विगत कई महीनों से प्रदेश में प्रथम स्थान पर आ रहा है।

कलेक्टर श्री सिंह के निर्देशान में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण के लिए विभागीय अधिकारी भी गंभीरता से प्रयास करते है। शिकायतों से संबंधित अधिकारी लगातार संपर्क कर हितग्राहियों की समस्या को जानकर उसका संतुष्टिपूर्वक निराकरण करते है।

# शासकीय कन्या विद्यालय सीहोर में सांस्कृतिक और खेलकूद का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

**सीहोर**। शनिवार को शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियों के सत्र 2023-24 के वार्षिक पुरस्कार वितरण संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशीष तिवारी कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शीलचंद्र गुप्ता,

विशेष अतिथि पूर्व प्राचार्य डॉ. बी.सी. जैन, शासकीय कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गणेश लाल जैन, वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डॉ. कलिका डोलस, क्रीड़ा अधिकारी श्री रवि विरहा सर का स्वागत पुष्प मालाओं से किया गया। शासकीय कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गणेश लाल जैन ने स्वागत भाषण दिया एवं महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशीष तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि आपके महाविद्यालय में संसाधनों की कोई कमी नहीं है, उसकी उपयोगिता तभी है जब आप आगे बढ़कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा से आपका और आपके परिवार का स्तर बढ़ता है। नियमित अध्ययन और मेहनत से ही लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। शिक्षा का उद्देश्य अच्छा इंसान बनना भी है। महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. बी.सी. जैन ने महाविद्यालय की प्रगति की प्रशंसा की और अगले वर्षों में महाविद्यालय की छात्राओं को अच्छे पदों पर चयन होने के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डॉ. कालिका डोलस द्वारा लिखित बी.ए. तृतीय वर्ष की पुस्तक ''महिला सशक्तिकरण'' का विमोचन मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। नेट एवं सेट में चयनित छात्रा पूजा गौर एवं नेट चयनित बबली गौर, अनुष्का राय, श्वेता मालवीय को सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा श्वेता मालवीय एम.ए. राजनीति विज्ञान को सम्मानित किया गया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेने वाली छात्राओं को विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान, राम विकास प्रजापति ने पुरस्कार वितरित किए। इको क्लब के पुरस्कार डॉक्टर कलिका डोलस ने वितरित किए। क्रीडा पुरस्कार रवि विरहा सर द्वारा प्रदान किए गए। एनएसएस की गतिविधियों के पुरस्कार डॉ मंजरी अग्निहोत्री द्वारा वितरित किए गए। कक्षाओं में प्रथम आने वाली छात्राओं तथा वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया। विषेष पुरस्कार पूर्ति वर्मा को दिया गया। अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. जया शर्मा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ प्रभारी ने किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा। अंत में वार्षिक उत्सव प्रभारी डॉ. कलिका डोलस ने सभी के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।




### सीबीएसई ने 10वीं और 12वीं के प्रश्न पत्रों का पैटर्न बदला, प्राचार्यों को पत्र जारी

# थ्योरी का बोझ कम करने पैटर्न में बदलाव, पहली बार पूछे जाएंगे रिस्पॉन्स आधारित प्रश्न, रटने की परंपरा होगी खत्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

छात्रों पर से थ्योरी का बोझ कम करने और एमसीक्यू को लेकर बोर्ड परीक्षा के लिए अपनी रणनीति बनाने के लिए सीबीएसई ने 10वीं और 12वीं के बोर्ड प्रश्न पत्रों के पैटर्न में बदलाव किया है।

इसमें बोर्ड परीक्षा में पूछे जाने वाले सवाल नए पैटर्न के होंगे। इसमें विद्यार्थियों को टॉपिक को रटने की परंपरा खत्म हो जाएगी। इसे नई एजुकेशन पॉलिसी के हिसाब से तैयार किया जाएगा। इसके लिए बोर्ड ने स्कूल प्राचार्य को पत्र जारी कर दिए हैं।

पत्र में बोर्ड ने उल्लेख किया है कि 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा 2024 में शॉर्ट और लॉन्ग क्वेश्चन कम और मल्टीपल चॉइस क्वेश्चन (एमसीक्यू) ज्यादा हो रहे हैं।



इसका फायदा यह होगा कि सीबीएसई ने नेशनल ट्रेनर का कहना है कि इस नए पैटर्न से विद्यार्थियों को काफी फायदा मिलेगा। इससे थ्योरी रटने के बजाय टॉपिक को समझने पर ज्यादा फोकस करेंगे। उसके हिसाब से ही स्कूल में नई टेस्ट सीरीज जारी की जाएगी। जिससे छात्र इस पैटर्न को समझ कर एमसीक्यू प्रैक्टिस कर सकें।

### रिस्पांस बेस्ड सवालों की संख्या 20% रहेगी

पहली बार रिस्पांस आधारित शामिल किए हैं। इससे छात्रों के सामने बहु विकल्पीय सवाल रहेंगे, लेकिन उसके उत्तर में छात्रों का रिस्पांस देखा जाएगा। यानी छात्र किसी सवाल को हल करने की कोशिश करता है तो उसे इसके बदले अंक दिए जाएंगे। रिस्पांस बेस्ड सवालों की संख्या 20% तक रहेगी। इसको लेकर छात्रों के लिए स्पेशल क्लास का आयोजन किया है। जिसमें उन्हें बोर्ड परीक्षा के पैटर्न की गहनता से जानकारी दी जाएगी।

### इस तरह रहेगा प्रश्न पत्रों का पैटर्न

**10 वीं का प्रश्न पत्र : दसवीं में 50% प्रश्न**

एमसीक्यू, केस-बेस्ड क्वेश्चंस, सोर्स आधारित एकीकृत प्रश्न या। किसी अन्य प्रकार के रूप में योग्यता आधारित होंगे। ऐसे प्रश्नों का वेटेज 40% था। अब अनिवार्य रूप से 20% वेटेज के साथ एमसीक्यू लाएंगे। लघु उत्तरी और दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों का भार पिछले वर्ष से 40% से घटकर 30% कर दिया है।


**12वीं का प्रश्न पत्र : 12वीं में 40% सवाल**

एमसीक्यू, केस-बेस्ड क्वेश्चन, सोर्स बेस्ड इंटीग्रेटेड क्वेश्चन या किसी अन्य प्रकार के रूप में योग्यता पर केंद्रित होंगे। पिछले शैक्षणिक सत्र में ऐसे प्रश्नों का वेटेज 30% था। अनिवार्य रूप से 20% वेटेज के साथ एमसीक्यू आएंगे। लघु उत्तीय और दीर्घ उत्तरीय प्रश्न पिछले वर्ष तक 50% आते थे, जिन्हें अब घटकर 40% कर दिया है।

# मतदान के लिए अन्य वैकल्पिक दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन-2024 के दौरान मतदान केन्द्र पर पहचान के लिए मतदाता पहचान पत्र के आलावा 12 वैकल्पिक दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत कर मतदान कर सकेगें। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं के लिए जो 12 अन्य वेकल्पिक दस्तावेज निर्धारित किये है उनमें आधार कार्ड, पैन कार्ड, दिव्यांग यूनिक आईडी (UDID) कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस,मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन दस्तावेज (फोटो सहित), पासपोर्ट, पासबुक (फोटो सहित बैंक/डाकघर द्वारा जारी) फोटोयुक्त सर्विस पहचान पत्र (केन्द्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा जारी), सांसद, विधायक और विधान परिषद सदस्यों को जारी आधिकारिक पहचान पत्र, NPR के अन्तर्गत आर जी आई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी) मतदाताओं को मतदान के पूर्व वोटर गाइड एवं वोटर स्लिप का वितरण किया जा रहा है।



# खबर संक्षेप

## जर्जर हालात में निष्प्रयोजित वाहन की 26 को विक्रय किया जाना

**सीहोर।** थाना आष्टा परिसर में विभिन्न कंपनियों के जाप्तत अनेक दो पहिया वाहनों जो कि पुरानी एवं जर्जर हालात में निष्प्रयोजित वाहन को जो जहॉ है और जैसे है का 26 अप्रैल,2024 को दोपहर 01 बजे विक्रय के लिए खुले रूप से नीलामी शर्तो के अधीन की जानी है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने जानकारी दी कि वाहन की धरोहर (प्रत्येक वाहन के लिये राशि 5,000-रू0 का बैंक ड्राप्ट निलामी बोली के पूर्व जमा कराना होगा तभी बोली में भाग ले सकेगा। बोली स्वीकार नहीं होने की दशा में धरोहर राशि वापसी योग्य रहेगी। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने बताया कि वाहन की स्थिति का जायजा कार्यालयीन दिवस एवं कार्यालयीन समय में जिला नाजिर कार्यालय के माध्यम से किया जा सकेगा। खुली निलामी 26 अप्रैल,2024 को थाना परिसर आष्टा में दोपहर 01 बजे आयोजित की जायेगी। जिस व्यक्ति की बोली स्वीकार होगी उसे नीलामी के दिन बोली स्वीकृत राशि जमा करानी होगी। राशि जमा कराने के उपरान्त ही थाना प्रभारी द्वारा वाहन की डिलेवरी दी जायेगी। बोलीदार द्वारा लगाई गई बोली को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार इस कार्यालय का रहेगा। वाहन का रजिस्ट्रेशन कार्यवाही, आरटीओ सम्बंधी समस्त व्यय बोलीदार को वहन करना होगा। बोली, स्वीकृत होने के पश्चात यदि डिलेवरी नहीं ली जाती है तो धरोहर राशि वापस नहीं होगी। यह राशि शासन हित में राजसात कर ली जायेगी।

## सैनिक स्कूलः पदों पर निकाली भर्ती

**सीहोर ।** सैनिक स्कूल ने टीचिंग और नॉन टीचिंग पदों के लिए एक भर्ती नोटिफिकेशन जारी किया है। उम्मीदवार sainikschoolsociety. in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की तारीख अलग-अलग स्कूलों के लिए अलग है। सैनिक स्कूल सतारा के लिए आवेदन की आखिरी तारीख 25 अप्रैल है, वहीं बीजापुर के लिए 7 मई, नालंदा के लिए 23 अप्रैल और अमेठी सैनिक स्कूल के लिए 4 मई है। नालंदा सैनिक स्कूल में 7, अमेठी में 8, बीजापुर में 10, सतारा में 5 और अमरावती नगर में 2 चित्तौडगढ में 11 पदों पर भर्ती की जाना है। आयु सीमा 18 से 50 साल है। शैक्षणिक योग्यता बैचलर डिग्री, पीजी, बीएड, सीटीईटी या एसटीईटी एग्जाम होना जरूरी है। चयन लिखित परीक्षा तथा स्किल टेस्ट के आधार पर होगा।

### विश्नाथपुरी में संगीतमयी नौ दिवसीय श्री रामकथा का सातवां दिन

# मानव जीवन में भगवान की अविरल भक्ति ही श्रेष्ठःउद्धवदास महाराज

महाराज श्री ने कहा कि भगवान के चरणों से लगे रहे तो जीवन में धर्म अपने आप आ जाएगा और जब जीवन में धर्म आ जाएगा तो मानवता आ जाएगी और मानवता आ जाएगी तो मनुष्य जीवन सार्थक हो जाएगा।





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

रामायण में भगवान से सबने अपने अपने अनुसार वरदान प्राप्त किए किन्तु जो भगवान का स्वभाव जानते थे उन्होंने भगवान से अविरल भक्ति का वरदान ही प्राप्त किया। जब किसी भक्त ने भगवान से उनकी पसंद का वर मांगा तो भी भगवान ने उसे अविरल भक्ति ही प्रदान की क्योंकि भक्ति सब सुखों की खान है, जिसके जीवन में भगवान की अविरल भक्ति आ जाती है उसके जीवन में सारे सुखों का वास अपने आप वैसे ही हो जाता है जैसे समुद्र में नदियां अपने आप ही आकर समा जाती है। मनुष्य जीवन में भगवान की भक्ति ही श्रेष्ठ साधन है। भगवान से और कुछ मांगने की बजाए उनकी भक्ति ही मांगना चाहिए।

उक्त आषय के उदगार सुप्रसिद्ध श्री रामकथा वाचक श्रीश्री 1008 महंत श्री उद्धवदास जी त्यागी महाराज श्रीराम कुटी आश्रम सीहोर ने शहर के सीवन स्काई सिटी के नजदीक विष्वनाथपुरी में स्थित प्रसिद्ध श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर शनिवार से नौ दिवसीय संगीतमयी श्री रामकथा के सातवें दिवस बडी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं को रामरस में सराबोर करते हुए व्यक्त किए। महाराजश्री ने केवट प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि केवट ने भगवान से कहा कि जब तक आपके चरणों को पखार नहीं लेता मैं आपको अपनी नाव में नहीं बैठाउंगा क्योंकि आपके चरणों की रज से जैसे पत्थर की अहिल्या नारी बन गई वैसे ही मेरी नाव भी जीवित हो उठी तो मैं अपने परिवार का पालन कैसे करूंगा। उन्होंने कहा कि केवट ने श्रीराम से नाव की उतराई नहीं ली और कहा कि आप भव सागर से पार कराने वाले हैं जब मैं आपके द्वार आउंगा तब आप मुझे पार करा देना। महाराज श्री ने कहा कि भगवान के चरणों से लगे रहे तो जीवन में धर्म अपने आप आ जाएगा और जब जीवन में धर्म आ जाएगा तो मानवता आ जाएगी और मानवता आ जाएगी तो मनुष्य जीवन सार्थक हो जाएगा। उन्होंने कहा कि आजकल कई लोग जिनमें युवा भी शामिल हैं जरा जरा सी बात पर आत्महत्या कर लेते है, आत्महत्या करने वाले अपने साथ जुडे परिजनों को जीवन भर का दुख दे देते हैं। जबकि जीवन में धैर्य का सहारा लिया जाए तो बडी से बडी समस्या से भी उबरा जा सकता है और समस्या का हल निकाला जा सकता है। जीवन अनमोल है इसे व्यर्थ नहीं गंवाना चाहिए। उन्होंने अपने हाथों से अपनी सुमधुर वाणी में महाराज जी ने कई भजन सुनाए जिन्हें सुनकर सभी श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। आज कथा में महाराजश्री ने भरत मिलन प्रसंग, केवट प्रसंग एवं भगवान श्रीराम के चित्रकूट निवास का वर्णन किया गया, करूण रस से भरे हुए सजीव वर्णन से श्रोता भावविहल हो उठे और उनकी आंखों में आंसू छलक उठे।

## बीएसआई पर खेली जा रही अंडर-16 विधायक क्रिकेट ट्राफी के सेमीफाइनल 22 से

**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर खेली जा रही अंडर-16 विधायक क्रिकेट ट्राफी में इन दिनों लीग मैचों का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को अंतिम लीग मुकाबला खेला जाएगा और उसके पश्चात 22 अप्रैल से सेमीफाइनल मैच का आयोजन किया जाएगा। शुक्रवार को एक रोमांचक मैच पोलिंग और पीपीसीए के मध्य खेला गया था। जिसमें पोलिंग ने एक विकेट से जीत हासिल की।


सुबह ट्रास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पीपीसीए की पूरी टीम 44 ओवर में दस विकेट खोकर 134 रन बनाए थे। इसमें युरेश भारती और बिल्ला ने 31-31 रन बनाए, भविष्य ने 18 रन, यश कुशवाहा ने 11 रन और राजा ने 14 रन बनाए थे। वहीं पोलिंग की ओर से गेंदबाजी करते हुए युवराज ने तीन विकेट, राघव-अंश ने दो-दो विकेट हासिल किए। इधर लक्ष्य का पीछा करने उतरी पोलिंग ने नौ विकेट खोकर 38 ओवर में लक्ष्य हासिल किया। इसमें राघव ने 46 रन, अक्षत ने 35 रन और अकुल ने 14 रन बनाए। इधर पीपीसीए की ओर से गेंदबाजी करते हुए राजा ने तीन विकेट, लक्की-नमन ने दो-दो विकेट और रोहन ने एक विकेट हासिल किया था।

## निर्वाचन व्यय रजिस्टर में रखना होगा सभी दैनिक व्यय का लेखा

**सीहोर।** लोकसभा निर्वाचन के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अभ्यर्थी के चुनाव प्रचार के व्यय की सीमा 95 लाख रूपये निर्धारित की गई है। इसके लिये अभ्यर्थी को बैंक में एक पृथक खाता खोलना आवश्यक है। रिटर्निंग अधिकारी से प्राप्त निर्वाचन व्यय रजिस्टर में सभी दैनिक व्यय लेखा का रख रखाव करना होगा। सभी पोस्टर, बैनर, पम्प्लेट, हैण्डबिल, चाहे वे नाम निर्देशन के पहले मुद्रित/प्रकाशित किए गए हो, परंतु नाम निर्देशन के बाद उपयोग/ प्रदर्शित किए जा रहे हों, यह सभी अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में जुड़ेंगे। रैली आयोजन के लिए किराये/भाड़े पर लिए गए व्यावसायिक वाहनों के लिए सभी खर्च प्रचार व्यय लेखे में शामिल किया जाएगा। अभ्यर्थी द्वारा भाग ली गई किसी रैली/प्रदर्शित फोटो/मंच साझा करने आदि पर किये सभी व्यय भी अभ्यर्थी के चुनाव प्रचार व्यय लेखे में जोड़े जायेंगे।

# बच्चों की शैक्षिक उपलब्धियों से रूबरू कराया गतिविधियों में पालकों ने की सहभागिता

**इछावर।** मिशन अंकुर एफएलएन कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को विकासखंड के स्कूलों में बाल -चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें जिसमें विद्यार्थियों के साथ बडी संख्या में अभिभावक भी शामिल हुए। कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधिया आयोजित की गई । इस दौरान बच्चों की शैक्षिक प्रगति से पालकों रूबरू कराया। कार्यक्रम में आयोजित विभिन्न गतिविधियों में पालकों ने भी सहभागिता की ।




स्कूलों में बच्चों की शैक्षणिक गतिविधी एवं उपलब्धियो के प्रति पालकों को जागरुक कर उनकी सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से जनपद क्षेत्र की सभी सरकारी स्कूलों में एक दिवसीय बाल चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इसीके तहत नगर के सीएम राइस कैंपस 2 में आयोजित बाल चौपाल में बच्चों के साथ पालकों ने उत्साह से भाग लिया। विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। इस दौरान प्रमुख रूप से मिशन अंकुर के विकासखंड समन्वयक कपिल शर्मा ,जनशिक्षक अतुल सेन , शिक्षक चुन्नीलाल परमार , एफ. एल.एन.शिक्षक नसीम शेख रविंद्र कुमार , सविता सोनी ,लीना जोशी आदि उपस्थित प्रमुख रूप से मौजूद थे। इस संबध में बीआरसी सुभाष चन्द्र दूबे का कहना है कि बच्चों के सीखने में कई स्थान, विधि और समूह महत्वपूर्ण होते है। इससें बच्चों के आसपास का वातावरण और समूह की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। बच्चों के सीखने में अनौपचारिक रूप से यह काफी महत्वपूर्ण करती है जो कि जाने अनजाने में होती है । इन गतिविधियों को ओर भी सशक्त करने के उद्देश्य से हम बच्चों के साथ पालकों की सहभागिता पर जोर दे रहे है । स्कूलों में आयोजित बाल चोपाल में शब्दों की अंताक्षरी , मन पसंद कहानी खोजकर पढ़ना , मेरा अखबार , आकृतियों का खेल आदि गतिविधियां आयोजित की गई। नादान मिडिल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़चढ़ भाग लिया। इस दौरान अभिभावकों खासकर महिलाओं ने भी उत्साह पूर्वक सहभागिता की। इस दौरान शिक्षक मेहरबान सिंह प्रजापति, कमलसिंह मालवीय, जगदीश बारेला, अब्दुल अनीस, शिवानी जयसवाल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# चरित्र में राम सेवा में हनुमान को प्रकट कर लो नर से नारायण हो जाओगे : पं.मोहित राम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिस दिन हर मानव के हृदय में चरित्र में जीवन में भगवान श्री राम की मर्यादा का प्रवेश हो गया। जिस दिन राम भक्त हनुमान जैसी सेवा का भाव जाग गया। हर मानव नर से नारायण हो जाएगा उक्त उद्गार श्री मारुति नंदन महायज्ञ में पूज्य संत धर्म रक्षक पंडित दुर्गा प्रसाद जी कटारे बाबा के सानिध्य में चल रही श्रीराम कथा में राष्ट्रीय संत कथा व्यास परम गौभक्त भक्ति पंडित मोहितरामजी पाठक ने अपनी अमृत में वाणी में कहे आगे का श्रीरामकृष्ण भगवान महादेव की कृपा से जिस काल से संसार भय खाता है देवता भी जिससे भयभीत होते हैं। ऐसे मृत्यु के देवता यमराज साक्षात काल देवता भी उसे आंगन में जाने से डरते हैं।



जिस आंगन में भगवान शिव का भगवान शंकर का पूजन होता है अर्चन होता अभिषेक होता है जहां भगवान महाकाल का नाम लिया जाता उस आंगन में उसे परिवार में जाने से काल भय खाता है काल देवता ने संपूर्ण संसार को ग्रस्त रखा है वही काल देवता भगवान महाकाल के भक्तों से भयभीत रहते हैं यही शिव कृपा है हनुमान जयंती के पावन अवसर पर ग्राम पचामा में चल रही सप्त दिवसीय श्रीराम कथा कथा के द्वितीय दिवस अपनी ओजस्वी वाणी से राम कथा की महिमा का वाचन किया आज कथा में मां भगवती सती माता पार्वती और शिव महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि प्रजापति दक्ष ने मां की आराधना की तो सती की प्राप्ति हुई। सती की अनुकंपा से दक्ष को शिव की प्राप्ति हुई है हम सब भी बुद्धि रूपी दक्ष है और हमें यदि शिव को प्राप्त करना है तो सती अर्थात देवी की आराधना सत्य की आराधना सनातन की आराधना और साधना करना पड़ेगी तभी हम शंकर को प्राप्त कर सकते हैं भारत का जहां कंकर कंकर शंकर है। वहीं हर एक कन्या सती है हर एक बालक शिव है। बस हम सबको अपनी शक्ति को पहचानते हुए अपने अंदर के राम कृष्ण शिव को प्रकट करना पड़ेगा यही सनातन का मूल मंत्र आज कथा के चतुर्थ दिवस भगवान श्रीराम का जन्म दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा आयोजन समिति ग्राम पचामा ने संपूर्ण क्षेत्र वासियों से मारुति नंदन महायज्ञ एवं श्री राम कथा में पधार कर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया कथा का समय नित्य रात्रि 8:00 बजे से 11:00 बजे तक है।

# जसपाल सिंह अरोरा पूर्व मुख्यमंत्री की नामांकन रैली में हुए शामिल

**सीहोर।** इस बार विदिशा लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी रिकार्ड मतों के साथ जीत हासिल करेगी। मध्यप्रदेश की सभी सीटों पर भाजपा ही काबिज होगी। यह बातें भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने कही। वे पूर्व मुख्यमंत्री एवं विदिशा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान की नामांकन रैली में अपने सैकड़ों समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं के साथ शामिल होने के लिए रायसेन पहुंचे थे। इस दौरान श्री अरोरा ने पूर्व मुख्यमंत्री को फूलमाला पहनाकर उन्हें अग्रिम बधाई दी एवं वे रथ पर भी सवार हुए।पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में माहौल पूरी तरह भाजपा के पक्ष में है। सीहोर जिले में मंत्री करण सिंह वर्मा के नेतृत्व में भाजपा की तैयारियों युद्ध स्तर पर जारी है।



# श्री गोंदन सरकार धाम हनुमान मंदिर में आयोजन

**सीहोर।** हर साल की तरह इस साल भी श्रीराम राम नवमी के पावन अवसर पर शहर के चाणक्यपुरी स्थित श्री गोंदन सरकारधाम पर दो दिवसीय दिव्य अनुष्ठान का आयोजन किया गया था। इस संबंध में जानकारी देते हुए पंडित जितेन्द्र चतुर्वेदी ने बताया धाम पर हर साल भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव यहां पर मौजूद आस्थावान श्रद्धालुओं के द्वारा मनाया जाता है। दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत लगातार चौबीस घंटे तक श्रीराम चरित मानस का पाठ किया गया और उसके पश्चात भगवान श्रीराम का अभिषेक और प्रसादी का वितरण के अलावा कन्या भोज पुजारी मनीष शर्मा के द्वारा किया गया। इसके अलावा लगातार नौ दिन तक दुर्गा सप्तशती हवन का आयोजन भी किया गया।पंडित जितेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि त्रेता युग में जन्मे राम की महिमा का गुणगान कलयुग में करने से राम भक्त भविष्य में आने वाली हर विघ्न-बाधा को सफलतापूर्वक पार कर लेते हैं। मर्यादा में रहकर भवसागर से कैसे करना है, इसका उदाहरण राम चरित्र में मिलता है, फिर वह चाहें एक पुत्र की मर्यादा हो अथवा भाई की मर्यादा, पति की मर्यादा, क्षत्रिय धर्म की मर्यादा, मानवीय मूल्यों की मर्यादा, राजा की मर्यादा इत्यादि, सभी मर्यादाओं का पालन विषम परिस्थितियों में श्री राम जी ने कष्टों को सहते हुए किया। त्रेतायुग से लेकर कलियुग में आज भी श्री राम की मर्यादा सभी के लिए प्रासंगिक है। श्रीराम के समान राजा पृथ्वी पर न कोई हुआ है और न ही कभी होना ही सम्भव है क्योंकि राम ने राजधर्म निभाने के लिए अनेक त्याग किए। वाल्मीकि रामायण में वर्णन आता है, जब भगवान राम वन जाने लगे, तो महाराज दशरथ पुत्र वियोग के कारण अस्वस्थ्य हो गए, इस पर सभी माताओं ने श्रीराम को वन जाने से रोकना चाहा, परन्तु उन्होंने महान आदर्श प्रस्तुत करते हुए पिता से अधिक पिता के वचनों की मर्यादा रखी। राजधर्म के चलते उन्होंने अपनी प्राणप्रिय सीता का त्याग किया। हर व्यक्ति को जोड़ती है राम की शक्ति-सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड में राम आज भी सर्वाधिक पूजनीय तथा सब देवताओं में पावन एवं पुरूषोत्तम हैं।



### पक्षियों के लिए रखवाए 30 सकोरे और जरूरतमंदों को वितरण किए मटके

# अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन का मुख्य लक्ष्य हर क्षेत्र में अपना योगदान देनाः रजनी बहेती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भीषण गर्मी में आसमान से आग बरस रही है। गर्मी में मानव हो या फिर पशु-पक्षी सभी को ठंडे जल की तलाश रहती है। लोगों के लिए तो जगह-जगह प्याऊ व नल के साथ ही पानी की उचित व्यवस्था मिल ही जाती है, लेकिन पक्षियों को पानी के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ता है। ऐसे में लोगों की जिम्मेदारी है कि वे पक्षियों के लिए दाना व पानी की उचित व्यवस्था कर अपने जिम्मेदारी का निर्वाहन करें। ताकि खुले आसमान और धूप में विचरण करने वाले पंछियों को राहत मिल सके। उक्त विचार शहर के शिव मंदिर में अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की अध्यक्ष रजनी बाहेती ने कहे। उन्होंने बताया कि देश का सबसे बड़ा महिलाओं का संगठन हमारा है, बहनें हमेशा सामाजिक सेवा में अग्रणी रहकर समाज के हर क्षेत्र में अपना योगदान देती आ रही हैं।



इस मौके पर सम्मेलन की बैठक को संबोधित की तें अध्यक्ष श्रीमती बाहेती के द्वारा अभी तक किए गए कार्यों का वर्णन एवं आगे का कार्यों का क्या लक्ष्य है यह निर्धारित किया। मंडल की सदस्यों द्वारा अटल पार्क में जाकर गर्मी को देखते हुए पक्षियों को पानी पिलाने के लिए 30 सकोरे पार्क में जगह-जगह जहां पशु पक्षियों का आना ज्यादा होता है वहां रखवाए एवं कुछ सकोरे लोगों में वितरित किए ताकि वह अपने घर के गार्डन में रख सके। ताकि जहां पानी उपलब्ध रहे। पक्षियों हेतु दाना भी डाला गया।

### 250 से अधिक मटके वितरण किए

मारवाड़ी मंडल सीहोर द्वारा 250 मटके गर्मी में ठंडे पानी के लिए उपाध्यक्ष मंजू अग्रवाल के सौजन्य से मंगवा कर सब गरीब बस्तियों में बांटे साथ ही तीन जगह प्याऊ लगवाने का भी हमारा लक्ष्य है। प्याऊ लगाने के उद्देश्य से भी मटके लोगों को दिए गए। मंडल द्वारा गौशाला में जाकर गाय को चारा दिया और वहां 1100 रुपए दान करें जिससे आगे चारा खरीद कर गायों को खिला सके। मंडल की वरिष्ठ सदस्य निर्मला व्यास द्वारा गणगौर के पर्व पर पारंपरिक गणगौर के गीत सिखाए गए युवा पीढ़ी में इस परंपरा को जीवित रखने के उद्देश्य से यह शिविर लगाया गया। जिसमे 50 महिलाओं ने बड़ी उत्साह से भाग लिया। मंडल सचिव मंजू भरतीया ने बताया कि नवरात्रि पर्व के अवसर पर स्थानीय मरी माता मन्दिर में मंडल की सदस्यों द्वारा 35 कन्याओं को बिस्किट, चिप्स, पेंसिल, रबर, शॉपनर, अध्यक्ष रजनी बाहेती द्वारा बांटे गए। हमारे मंडल की सदस्य किरण सोनी ने अपने घर कन्याओं को भोजन कराकर 25 कन्याओं को कापी व ड्राइंग बुक्स वितरित कर उनमें पढ़ाई के प्रति, आकर्षण पैदा किया। बैठक में कोषाध्यक्ष गीता सोडाणी, सहसचिव विनीत सोनी, प्रतिभा झवर, शशि विजयवर्गीय संगीता राठी, ममता पितलिया ,पूर्व अध्यक्ष राजू पालीवाल, इंदु भावसार, ज्योति अग्रवाल, संध्या विजयवर्गीय, पुष्पा सोनी, सरोज सोनी, आभा कासट एवं राधा शर्मा उपस्थित रहीं।

# सीहोर वाइस ने सीहोर चिल्ड्रिन को 3-1 से हराया



**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर इन दिनों जूनियर फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता के अलावा यहां पर अंडर-20 नेशनल फुटबाल टीम की तैयारियों को लेकर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सीनियर कोच आशीष पिल्लई, विपिन पवार, शिविर के इंचार्ज एसोसिएशन के पदाधिकारी कमलेश अग्रवाल, मनोज दीक्षित मामा आदि ने खेल की बारीकियों से अवगत कराया। वहीं शुक्रवार को एक रोमांचक मुकाबला सीहोर चिल्ड्रिन और सीहोर वाइस के मध्य खेला गया। इस मुकाबले में सीहोर वाइस ने यह मैच 3-1 से जीता। जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया ने बताया कि शुक्रवार की शाम को खेले गए एक रोमांचक मैच में सीहोर वाइस की टीम ने अंतिम समय मैच में जीत हासिल की। इस मैच के दौरान पहले हाफ तक दोनों ही टीम बिना गोल के थी, लेकिन मैच में सीहोर चिल्ड्रिन की ओर से पिन्टू ने एक गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई थी, लेकिन सीहोर वाइस की ओर से स्ट्राइकर अक्षय छोटू ने लगातार तीन गोल कर बाजी पलट दी और शानदार जीत अपनी टीम के नाम की।

### कलेक्टर के निरीक्षण में गायब मिले थे शिक्षक, कहीं स्कूल बंद

# डीईओ ऑफिस में अटके 8 शिक्षकों पर विभागीय जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




विगत दिनों चुनावी व्यवस्तता के बीच कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने तंवरवाड़ क्षेत्र के कुछ स्कूलों का औचक निरीक्षण किया था। इस निरीक्षण में कुछ स्कूल बंद मिले, कहीं शिक्षक नदारत तो कहीं बच्चों की उपस्थिति नगण्य थी। कुछ षिक्षक तो शाला से यह कहकर गायब थे कि चुनावी प्रशिक्षण में जा रहे हैं।

6 अप्रेल को हुए इस निरीक्षण के दौरान जब कलेक्टर श्री दीक्षित ने प्रषिक्षण सेंटर जाकर क्रॉस चेक किया तो ये षिक्षक वहां भी नहीं थे। इस गंभीर लापरवाही पर कलेक्टर ने दूसरे ही दिन जिला षिक्षाधिकारी देवेंद्र रघुवंषी एवं जिला परियोजना समन्वयक आर.के. यादव को तलब कर लापरवाह सभी आठों षिक्षकों पर विभागीय जांच (डिपार्टमेंटल इन्क्वायरी) बैठाने के तल्ख निर्देष दिए थे। इसके उपरान्त डीईओ कार्यालय से सभी 15 षिक्षकों को शोकाज नोटिस भेजते हुए 7 दिवस में सभी से जवाब चाहा गया था।

### 7 की जगह हुए 14 दिन, पर नहीं हुई कार्रवाई

कलेक्टर ने यह निरीक्षण 6 अप्रेल को किया था। अगले दिन 7 अप्रेल को सभी 15 षिक्षकों को शोकाज नोटिस दिए गए थे। अधिकांष का जवाब 14, 15 अप्रेल तक डीईओ ऑफिस पहुंच गया लेकिन यहां से कोई कार्रवाई अभी तक हो नहीं पाई है।

### ये शिक्षक मिले थे गायब

जिन शिक्षकों को नोटिस दिए गए थे उनमें सरिता अडसूले मावि ढंढ, मीनाक्षी चैरसिया प्रावि ढंढ, मुकेष विजयवर्गीय, श्रृद्धा सक्सेना, बनवारी राठौर मावि कलीखेड़ा, मुष्ताक खान, बद्रीलाल यादव, शिवप्रसाद, पंवार, भोजराज मावि लहरचा, राममिषन तंवर मावि हिरनखेड़ी, योगेष गोयल बनेसिंह भील, शाहिद प्रहरी एवं डी.पी. पिपलोटिया उमावि कालीपीठ, महेंद्र सिंह हाड़ा एकीकृत शाला हिरनखेड़ा शामिल थे।



**कलेक्टर के निरीक्षण में कहीं स्कूल बंद तो कहीं शिक्षक गायब, 15 को नोटिस**

**आज रविवार को ही देना है नोटिस का जवाब**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

चुनावी व्यस्तता के बीच कलेक्टर हर्ष दीक्षित चुनावी शनिवार दोपहर अचानक तंवरवाड़ के स्कूलों के औचक निरीक्षण पर निकल पड़े। इस निरीक्षण में कहीं उन्हें पूरा स्कूल ही बंद मिला तो कहीं कुछ शिक्षक बगैर जानकारी के गायब मिले। कोई शिक्षक चुनावी प्रशिक्षण में ड्यूटी होने का कहकर गायब था तो किसी ने दूसरा कारण अपने साथी स्टाफ को बता कर रखा था। शिक्षकों का यह झूठ उस समय पकड़ा गया जब, कलेक्टर श्री दीक्षित चुनावी प्रशिक्षण में ही पहुंच गए। जहां उन्होंने उक्त स्कूलों से गायब मिले शिक्षकों के बारे में क्रॉस चेकिंग करते हुए यह जानकारी ली कि वह इस प्रशिक्षण में है या नहीं। लेकिन, वे शिक्षक प्रशिक्षण में भी नहीं थे।

इस गंभीर लापरवाही पर कलेक्टर ने डीईओ को निर्देश दिए की लापरवाह शिक्षकों को नोटिस दिया जाए साथ ही आज रविवार को ही उसका जवाब लिया जाए। अगर दोषी पाए जाते हैं तो उन्हें निलंबित या अन्य कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश उन्होंने डीईओ को प्रदान किए गए।

**इन्हे दिए गए हैं शोकाज नोटिस**

जिन शिक्षकों को नोटिस दिए गए हैं उनमें सरिता अडसूल मावि ढंड, मीनाक्षी चौरसिया प्राथमिक विद्यालय दंड, मुकेश विजयवर्गी एकीकृत मावि शाला कालीखेड़ा, श्रद्धा सक्सेना मावि कालीखेड़ा, बनवारी राठौर मावि कालिखेड़ा, मुश्ताक खान मावि लहरचा, भोजराज काशी कई लहरचा, रामकिशन तंवर महावीर हिरण खेड़ी योगेश गोयल उमावि कालीपीठ, बनेसिंह भील उमावि कालीपीठ, शाहिद प्रहरी उमावि कली पीठ डीपी पीपलोतिया उमावि कालीपीठ एल, शिवप्रसाद पवार मावि लहरचा, बद्रीलाल यादव महावीर लहरचा महेंद्र सिंह हाडा एकीकृत माध्यमिक विद्यालय हिरण खेडा शामिल शामिल है।

### इनका कहना है

कुछ टीचर्स के जवाब आ चुके हैं। मैने अभी देखे नहीं हैं। कलेक्टर साहब ने वाट्सग्रुप बनाकर उपस्थिति का भी कहा था जो ये शिक्षक रोजाना कर रहे हैं। कल ही मैं इसको देखता हूं।

देवेंद्र रघुवंशी, डीईओ, राजगढ़

## शादी के बाद दहेज में स्कॉर्पियो व नकदी की डिमांड पूरी नहीं होने पर दिया तीन तलाक

**पुलिस ने 3 लोगों पर मामला किया दर्ज**

**जीरापुर।** नगर के आवास कॉलोनी निवासी शादी शुदा महिला ने ससुराल पक्ष द्वारा दहेज कि मांग जिसमें स्कार्पियो कार एवं नगदी आठ लाख रुपए कि मांग कि नवविवाहिता परिजन द्वारा दहेज नहीं देने पर तीन तलाक का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार दहेज में स्कॉर्पियो की डिमांड न पूरी होने एवं नगदी दस लाख रुपए कि मांग कि मांग पुरी नहीं करने पर शौहर ने अपनी पत्नी को तीन तलाक दे दिया। पीड़ति महिला ने पुलिस से शिकायत कर आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग कि जिसपर पुलिस ने 3 लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न समेत अन्य गंभीर धाराओ में एफआईआर दर्ज की है। आवास कॉलोनी जीरापुर की रहने वाली महिला शाहिना बी ने पुलिस शिकायत के दौरान बताया कि उसकी शादी करीब 2 माह पुर्व मुस्लिम रीति रिवाज से इन्दौर में हुई थी पिता ने शादी में उनकी हैसियत के हिसाब से दहेज देकर विदा किया था. आरोप है कि शादी के बाद से पति समेत सास ससुर ने दहेज में स्कॉर्पियो की डिमांड की नहीं मिलने पर शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ति कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने महिला की शिकायत के आधार पर आरोपी रासिख रशीद पिता आतिफ रशीद , आतिफ रशीद पिता हाजी अब्दुल रशीद , साजिदा पति आतिफ रशीद निवासी गुजरात भवन स्नेहलता गंज इन्दौर के खिलाफ धारा 498-।, 294 , 34 आईपीसी एवं दहेज प्रतिषेध अधिनियम- 3, दहेज प्रतिषेध अधिनियम -4 दहेज प्रतिबंध अधिनियम मुस्लिम महिला (विवाह पर अधिकार का संरक्षण अधिनियम 2019 की धारा 4 के तहत मामला दर्ज किया है।

### पुलिस ने किया एक स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**ब्यावरा।** सुठालिया पुलिस ने एक स्थाई वारंटी को तामील किया हैं। थाना प्रभारी राधिका भगत के अनुसार ब्यावरा न्यायलय के प्रकरण में स्थाई वारंटी रामसिंह पिता मदनलाल हरिजन ग्राम टोड़ी फरार था, धारा में स्थाई गिरफ्तार वारंटी की न्यायालय द्वारा जारी किया गया था, जो कि हिकमत अमली से गिरफ्तार किया जाकर तामील कराने में सफलता प्राप्त की हैं।

### अपहृत नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**ब्यावरा।** करनवास पुलिस ने नाबालिक का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थाना प्रभारी विवेक शर्मा ने बताया कि अपहृता के मामा की रिपोर्ट पर कि उसकी भांजी नाबालिग है तथा जिसकी उम्र 16 साल 04 माह की है, को उसी के गांव का एक लड़का बहला फुसलाकर भगाकर ले गया है। धारा 363 अपहरण का केस दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान अपहर्ता को ग्राम माधोपुरा जिला धार से दस्तयाब किया गया व अपहर्ता द्वारा अपने कथनों में बताया कि आरोपी ने मेरे साथ शादी का झांसा देकर गलत काम किया। आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा पास्को एक्ट में इजाफा किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया है।

## क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा, चार प्रतिभागी घोषित




**ब्यावरा।** स्थानीय शासकीय ने सुभाषचंद्र बोस स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भारतीय मानक ब्यूरो की प्रमोशनल एक्टिविटीज के तहत मप्र उच्च शिक्षा विभाग के सानिध्य में एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बीआईएस स्टेंडर्ड क्लब के सदस्यों द्वारा भाग लिया गया। सभी सदस्यों ने इस प्रतियोगिता में परीक्षा दी, जिसमें हो चार प्रतिभागी विजेता घोषित हुए। तेज सिंह यादव, चेतना साहू, धनराज सौगिक और हरिओम दांगी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के उपरांत समस्त प्रतिभागियों को जलपान कराया गया। विजेता प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार के रूप में प्रथम पुरस्कार 1 हजार रूपए, द्वितीय पुरस्कार 750 रूपए, तृतीय पुरस्कार 500 रूपए एवं चतुर्थ पुरस्कार 250रूपए दिए जाएंगे। कार्यक्रम समिति में संयोजक प्रो. अरविंद भारद्वाज, डॉ. नीतू वर्मा, सदस्य डॉ. हीरालाल प्रजापति एवं डॉ. अंकित सिंह गौर रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरके गुप्ता, प्रो. प्रमोद खरे, डॉ. भारती, प्रो. इंदिरा सांकवा, स्पोर्टस ऑफिसर एमजेड सैफी, प्रो. हेमंत शर्मा आदि उपस्थित थे। प्राचार्य द्वारा विजेताओं को प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया एवं प्रतिभागियों को भी प्रमाण पत्र दिए गए।

### भाजपा नेता पर हमला, भर्ती

**अशोकनगर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता अमरजीत सिंह छाबड़ा पर शाम 7:30 बजे बाइक से आए तीन लोगों ने लाठियों से हमला कर दिया। उनके हाथ और पैरों में चोटे आई है, उन्हें जिला अस्पताल अशोकनगर में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। यह घटना उसे समय हुई जब वह अपनी बायपास रोड जमीन से वापस लौट रहे थे। यह हमला करने वाले मुंह पर कपड़ा बांधे हुए थे, अभी यह पता नहीं चल सका है कि यह आरोपी कौन है ज्ञात हो कि 2 साल पहले भाजपा नेता को अपनी जमीन को लेकर गांधी चौक पर धरने पर बैठना पड़ा था, उसके बाद यह हमले का मामला सामने आया है।

### मतदाताओं को जागरूक करने बाइक रैली निकाली

**विदिशा।** विदिशा जिले के सभी मतदाता अपने मत का उपयोग नियत मतदान केन्द्र पर पहुंचकर करें। इसके लिए निर्वाचन आयोग की मंशा अनुसार स्वीप गतिविधियो के तहत मतदाता जागरूकता के विविध कार्यक्रमों का आयोजन शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में एक साथ आयोजित किए जा रहे हैं। विदिशा नगरपालिका क्षेत्र में गुरूवार को बाईक रैली का आयोजन किया गया था।

## चोरी गई मारूति ओमनी वैन को पुलिस ने किया बरामद

**जीरापुर।** नगर के पंचोली चोक से एक मारूति जिसे अज्ञात चोर चुरा ले गए थे पुलिस द्वारा अल्प समय में चार पहिया वाहन चोरों को गिरफ्तार कर चोरी गई मारूति कार को बरामद किया।

17 अप्रैल को फरियादी संदीप पिता सत्यनारायण तिवारी उम्र 26 साल निवासी गुर्जर मोहल्ला ने रिपोर्ट किया कि 14 अप्रैल को रात करीब 11 बजे मैने अपनी सिल्वर रंग की मारुति सुजुकी ओमनी कार को पंचैली चैक भावसार मंदिर के पास जीरापुर में खड़ी कर दी थी जो सुबह वहां खड़ी नहीं मिली आसपास तलाश कि कोई पता नही चला। जिसकी कीमती करीब 4 लाख रुपये की है जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर धारा 379 आईपीसी का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान चोरी गई ओमनी कार की तलाश के प्रयास किए गए जो 17 अप्रैल को मुखबिर की सूचना पर से आरोपियों फरहान पिता मुबारिक हुसैन उम्र 23 साल निवासी हरिनगर कालोनी सुसनेर एवं निखिल पिता श्यामलाल मेघवाल उम्र 19 साल निवासी मैना रोड सुसनेर जिला आगर मालवा को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा चोरी की गई ओमनी कार को बडियाखेड़ा थाना सुसनेर के पास रखना बताया जिसे ग्राम बडियाखेड़ा से जब्त की गई एवं आरोपियों से इस घटना में उपयोग की गई मोटरसाईकिल जप्त की गई। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी रामकुमार भगत, सहायक उपनिरीक्षक प्रकाश भिलाला, सउनि मन्नूलाल, आरक्षक रवि जाट, गणेश, सुनील, गोविन्द की महत्वपूर्ण भूमिका रही।




### शासकीय विद्यालय भगवान भरोसे

## नरसिंहगढ़ ब्लॉक में कुछ शासकीय विद्यालय बने धर्मशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ

जिले के नरसिंहगढ ब्लॉक में शिक्षा विभाग के कुछ शिक्षकों की मनमानी देखी जा रही है। कुछ शासकीय शिक्षक तो अपनी राजनितिक संबंधो एवं शिक्षा विभाग में मिलीभगत के चलते जिला कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी के आदेशों को भी ठेंगा दिखाये जा रहे हैं।

ज्ञात हो कि शासकीय विद्यालय तय समय पर खुलने एवं बंद करने के जिला कलेक्टर महोदय श्री हर्ष दीक्षित के कडे निर्देश होने के बावजूद शिक्षको द्वारा कई स्थानो पर विद्यालयों कों मनमाने समय पर खोला जा रहा है जिससे उनमे पढ़ने वाले ग्रामीण एवं गरीब परिवार के बच्चों का भविष्य बर्बादी की कगार पर जा रहा है मुख्य बात यह है कि ऐसे गैर जिम्मेदार शिक्षक जिनके स्वयं के बच्चे प्राइवेट स्कूलों में पढ़ते हैं एवं अच्छी शिक्षा प्राप्त करते हैं उन्हें ग्रामीण क्षेत्र में शासकीय विद्यालयों की यह काली सच्चाई अच्छी तरह से पता होती है कि इन स्कूलों में पढ़ाई ठीक से नहीं होती क्योंकि शिक्षक विद्यालय जाते ही नहीं नरसिंहगढ़ ब्लॉक के ग्राम रामगढ़ में स्थित प्राथमिक विद्यालय में प्राचार्य प्रेम नारायण तिलोरे एवं एक महिला शिक्षक की नियुक्ति है किन्तु दोनों ही अपने जिम्मेदारी का निर्वहन ठीक ढंग से नहीं करते और विद्यालय को पूरी तरह से धर्मशाला बना रखा है मन हुआ तो विद्यालय खोला और मन नहीं हुआ तो विद्यालय में ताला लगा कर कभी भी कहीं भी चल दो जिससे विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों का भविष्य बर्बाद होगा यह बिलकुल तय हैं। ऐसे गैर जिम्मेदार शिक्षकों पर कड़ी कार्रवाई होना आवश्यक है जिससे बच्चों का भविष्य बर्बाद होने से बच सके।

### करेंगे कार्रवाई

आपके द्वारा मामला संज्ञान में आया है जांच करके कार्रवाई की जाएगी।

**बाबूलाल वर्मा,**
ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नरसिंहगढ

## बे-ढंग ब्रेकर ने ले ली एक महिला की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर





विट्ठल नगर निवासी एक महिला पति के साथ बाइक पर बैठकर घर से अस्पताल लाते समय बिठ्ठल नगर की मुख्य सड़क पर बे-ढंगे ब्रेकर के कारण गिर गई। जिससे उसकी मौत हो गई।

बिठ्ठल नगर निवासी अरविंद श्रीवास्तव अपनी पत्नी सुषमा श्रीवास्तव को रूटीन चेकअप के लिए अस्पताल लेकर जा रहे थे। 61 वर्षीय सुषमा बाइक पर पीछे बैठीं थीं। तभी कॉलोनी की मुख्य सड़क पर बनाए गए बे-ढंगे ब्रेकर पर बाइक उचक गई और वह अनियंत्रित होकर गिर गईं। जिससे उनकी मौत हो गई। पति अरविंद श्रीवास्तव नादौर गांव के किसान हैं। उनकी दोनों बेटियां मुंबई में रहती हैं। घटना के बाद सुषमा को लोगों की मदद से अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### मुख्यमंत्री और वीडी के खिलाफ दिग्विजय ने थाने में दिया आवेदन

**राजगढ़।** पिछले दिनों चुनावी सभा के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के खिलाफ कुछ विवादित बयान दिए थे। अन्य बयानों के विरोध में शुक्रवार दोपहर दिग्विजय सिंह ने राजगढ़ कोतवाली में आवेदन देकर मुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। अपने शिकायती आवेदन में उन्होंने उन स्थानों का भी जिक्र किया है जहां यह बयान दिए गए थे। इसके साथ ही उन्होंने सोशल नेटवर्क पर अपलोड वीडियो का भी उल्लेख किया है।

### परंपरानुसार रामनवमी के पावन पर्व पर फूलमाली समाज ने शोभायात्रा निकाली

**जीरापुर।** रामनवमी पर्व के पावन अवसर के उपलक्ष्य में फुलमाली समाज ने रामजी की शोभा यात्रा नगर के विभिन्न मार्गो से बड़े उल्लास आनंद मय वातावरण में निकालकर रामनवमी पर्व धूमधाम से मनाया। इस शुभ अवसर पर समाज जनों ने अपने अपने प्रतिष्ठान एवं कारोबार बंद रख कर एकता का परिचय दिया। समाज के महिला पुरुष बच्चे , युवा और बुजुर्ग बाग वाले हनुमान मंदिर गोपचैहान जी पर एकत्रित हुए। जहां से समाजबंधुओं का सामुहिक जुलूस शुरू हुआ जिसमें डीजे की थाप पर बालिकाएं नृत्य करते हुए, महिलाऐ एक जैसे परिधान धारण करके भगवान के मंगलगीत गाते चलो रहीं थीं जो जुलुस को सुशोभित कर रही थीतथा पुरुष वर्ग भगवान के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे । नगर के मुख्य मार्गो गांधी बस्ती,बस स्टैंड,इन्दर चैराहा, जवाहर चैक,बुधवारिया होते बाग वाले हनुमान मंदिर जुलूस पहुंचा। युवा वर्ग पताका लहराते हुए चल रहे थे ,16 बालिकाओं ने साफा धारण करके जुलूस में नृत्य करते चल रही थी तथा रथ में श्रीराम और शंकर भगवान की आकर्षक झांकी सजाई गई । शोभायात्रा का मध्य रास्ते में पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। चल समारोह का समापन बाग वाले हनुमान मंदिर पर हुआ जहां अंत में महाआरती की गई। उसके पश्चात समाज के वरिष्ठ जनों का सम्मान जिनमें प्रमुख रूप से समाज संरक्षक मोहनलाल पुष्पद, कन्हैयालाल मालाकार, बाबूलाल पुष्पद, लक्ष्मीनारायण वर्मा, मांगीलाल मालाकार आदी रहे मौजूद।

### महिला हिग्राहियों को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत दिलाई शपथ




**ब्यावरा।** स्वीप गतिविधियों के तहत नगर पालिका परिषद ब्यावरा द्वारा प्रतिदिन स्वीप के तहत विभिन्न गतिविधियॉ की जा रही है। स्वीप की गतिविधियों के अंतर्गत कभी मतदाता जागरूकता रैली निकाली जा रही है, तो कभी मतदाता जागरूकता थीम पर मेहंदी लगवाकर व कभी रंगोली बनावाकर मतदाताओं को जागरूक करने के प्रयास सीएमओ रईस खान के नेतृत्व में किये जा रहे है। इसी क्रम में शुक्रवार को स्वीप गतिविधियों के तहत नगर पालिका कार्यालय में स्व सहायता समूह एवं एनयूएलएम योजना की महिला हिग्राहियों को मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत शपथ दिलाई गई। इस दौरान सीएमओ श्री खान सहित पुष्पराज अजनारे सहायक यंत्री, अमन सौलंकी उपयंत्री, योगेन्द्र सिंह सौलंकी प्रभारी राजस्व उपनिरीक्षक एवं निकाय के अन्य कर्मचारीगण सहित स्व सहायता समूह एवं एनयूएलएम योजना की महिला हितग्राही मौजूद रहे।

## लोधी समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में 9 जोड़ों ने किया गृहस्थ जीवन में प्रवेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

नगर से सात किलो मीटर दूर भगवान पुरा-पाटनपुर गांव में लोधी समाज का प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन सम्पन्न हुआ। विवाह समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार सम्मेलन में लोधी समाज के 9 जोडे.थे। प्रत्येक जोड़े वर पक्ष वधु पक्ष से 42 हजार की राशि ली गई। भोजन सहित विवाह की सभी व्यवस्था समिति ने की। विवाह में ग्रहस्थी का सामान बर्तन, एलसीडी, कूलर, पलंग, बिस्तर, पेटी, चांदी के पट्टे उपहार स्वरूप दिये गये। सम्मेलन की खास बात यह रही की समाज के सभी लोगां द्वारा सम्मेलन में सहयोग किया गया। आयोजन में रात्रि वरमाला के उपरांत भाजपा मंडल अध्यक्ष पदमसिंह लोधी, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि गिर्राज लोधी, डॉ. फूलसिंह लोधी ने समाजजन के समक्ष अपने विचार रखे। यह प्रथम सम्मेलन था। समाज को फिजूल खर्ची से बचाकर ऐसे ही सम्मेलन भविष्य मे भी आयोजित करने की बात कही। समिति अध्यक्ष बनेसिंह, सूरजसिंह, धन्नालाल, देवीसिह, गोपाल, बापूलाल सहित सभी समाजजन की अहम भूमिका रही।

### 21 को होगा धनगर समाज का विवाह सम्मेलन

21 अप्रैल रविवार को ब्यावरा रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास 30 जोड़ां का धनगर समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। प्रत्येक जोड़े से समिति द्वारा 51 हजार की राशि ली जा रही है। कार्यक्रम मे वर निकासी 11 बजे और पाणिग्रहण संस्कार शाम 5 बजे होगा।

### कलश यात्रा के साथ पंचकुंडात्मक श्री कामधेनु महायज्ञ का शुभारंभ



**सारंगपुर।** कपिलेश्वर गोशाला परिसर में आयोजित पंचकुण्डात्मक श्री कामधेनु महायज्ञ व महर्षि कर्दम व माँ देवहूति मैया की प्राणप्रतिष्ठा हेतु शुक्रवार को कपिलेश्वर मंदिर से गोशाला परिसर तक भव्य मंगल कलश यात्रा निकाली गई जिसमें महिलाओं ने अपने सर पर कलश रख कर व यजमानों अपने हाथों में ध्वज थाम कर गाजे बाजे के साथ आतिशबाजी करते हुए यज्ञशाला में प्रवेश किया । यह आयोजन जनकल्याण के लिए प्रतिवर्ष पूज्य गुरुदेव परम गो सेवक पवनदास जी महाराज के जनकल्याण व गोसंवर्धन के लिए आयोजित किया जाता है । यज्ञ आचार्य पं मनीष शास्त्री ने बताया कि प्रथम दिवस में कलश यात्रा के साथ दशविधि स्नान, पंचांग कर्म, मंडप प्रवेश, ब्राह्मण वरण कर्म संपादित होगा। इस आयोजन में उपाचार्य महेश शर्मा, गिरिराज शर्मा से साथ यज्ञ समिति के अध्यक्ष महेश पाटीदार जी ,गोशाला समिति अध्यक्ष पर्वतसिंह मंडलोई, सचिव ओम प्रकाश राठी ,ओपी विजयवर्गीय ,महेश शर्मा ,रमेशचंद्र जोशी,मनीष रानोलिया,विपुल सक्सेना, राजेन्द्र शर्मा जेपी जोशी,सीमा शर्मा सहित बड़ी संख्या में भक्तों ने पुण्यलाभ लिया।

## सब जानते हैं 'झूठ के राजा' का सच जनता ही देगी उन्हें पटखनी: गुर्जर

### प्रेसवार्ता में कटाक्ष करते हुए बोले बीजेपी जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



लोकसभा चुनावों को अच्छी लीड से जीतने भाजपा एडीचोटी का जोर लगा रही है। इसी कड़ी में पार्टी द्वारा आज 20 अप्रेल को जिले के सभी 2236 बूथों पर विषेष संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले का बड़ा से बड़ा पदाधिकारी सहित कार्यकर्ता अपने-अपने तय बूथों पर पहुंचकर वहां विभिन्न गतिविधियां देखेंगे व लोगों से संपर्क करेंगे।


इस विषेष अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी देने विधायक निवास पर शुक्रवार दोपहर एक प्रेसवार्ता आयोजित हुई। प्रेस कान्फ्रेंस को संबोधित करते हुए पार्टी जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर ने कांग्रेस प्रत्याषी पर अप्रत्यक्ष रूप से हमला बोलते हुए कहा कि झूठ के राजा का सच सारी जनता जनता है। वही जनता चुनावों में उन्हें जवाब दे देगी। हम 4 लाख से अधिक की लीड से जीत रहे हैं।

### दिग्विजय के गढ़ में हमें मिलेगी लीड

उन्होंने कहा कि दिग्विजय सिंह के गढ़ कहे जाने वाले राघोगढ और चांचोड़ा से भी भाजपा को लीड मिलेगी। उन्होंने कहा कि विकसित भारत मोदी की गारंटी के संकल्प को दोहराते हुये 2014 से लेकर 2024 तक बदलते हुए राजगढ़ क्षेत्र एवं भारत की तस्वीर जनता के सामने है। भारत को गौरवशाली, वैभवशाली, समृद्धशाली, शक्तिशाली राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ 20 अप्रैल को प्रत्येक मतदान केन्द्र पर जाकर हमारे कार्यकर्ता अभियान को सफल बनायेगें। प्रेसवार्ता के अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष केदार काका, जिला महामंत्री रामचंद्र जलालिया, विधानसभा संयोजक श्याम गुर्जर, जिला मीडिया प्रभारी आनंद त्रिपाठी, जिला सह-मीडिया प्रभारी जगदीश दास सहित अन्य उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### 10 वर्ष पुराने आधार कार्ड को अपडेट कराना जरूरी




**सीहोर।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) की अधिसूचना अनुसार सर्वसाधारण को व्यतक्तिगत नवीनतम विवरण से आधार डाटा को अपडेटेड रखना है। जिला प्रबंधक ई-गवर्नेंस ने गत दिवस बताया कि ऐसे व्यक्ति जिन्होंने 10 वर्ष या इसके पूर्व आधार बनवाया था एवं परिवर्तित पते अथवा अन्य जानकारी में अपडेट नहीं किया हो, ऐसे सभी आधार धारकों को व्यक्तिगत नवीनतम विवरण को आधार डेटा में अपडेट कराने का आग्रह है। इस संबंध में आधार धारकों को सुविधा प्रदान करने के लिए, यूआईडीएआई ने अपडेट डॉक्यूमेंट की एक नई सुविधा विकसित की है। इस सुविधा को माय आधार पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन एक्सेस किया जा सकता है या निवासी इसका लाभ उठाने के लिए किसी भी आधार नामांकन केन्द्र पर जा सकते हैं। नई सुविधा आधार धारकों को उनके आधार में व्यक्तिगत पहचान के प्रमाण (POI) और पते के प्रमाण (POA) दस्तावेजों को अद्यतन करने की अनुमति देती है। आधार सेंटर पर जाकर डॉक्यूमेंट अपडेट करने पर 50 रूपये शुल्क देना होगा। यह सुविधा 30 जून तक myAadhaar portal पर निःशुल्क उपलब्ध है।

### अभी जांच जारी है, अगर इसमें ओर भी नाम सामने आते हैं तो उन्हें भी आरोपी बनाया जाएगा

# महादेव नर्सिंग कॉलेज मामलाः पुलिस जांच में अज्ञात आरोपी हुए ज्ञात, आठ आरोपियों पर नामजद मामला दर्ज

बीएमओ आष्टा की रिपोर्ट पर आष्टा पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर अज्ञात आरोपियों को ज्ञात करने की ओर जांच शुरू की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

करीब तीन चार माह पूर्व आष्टा नगर में संचालित महादेव नर्सिंग कॉलेज में एक नही कई तरह के फर्जीवाड़े का विद्यार्थियों ने भांडा फोड़ा था। अपने कारनामो का पर्दा फास होने के बाद इस महादेव नर्सिंग कालेज के पीड़ति छात्रों के अनुसार कॉलेज संचालकों ने उनकी 4 साल से परीक्षा नही कराने, मोटी फीस बसूलने,ओरिजनल दस्तावेज अपने कब्जे में रखने,ट्रेनिग एवं ड्रेस के नाम पर बड़ी राशि बसूलने के मुद्दों को लेकर विद्यार्थियों ने सड़को पर उतर कर छात्रों के संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद,एनएसयूआई के बैनर तले तहसील,थाना,कलेक्ट्री तक आंदोलन कर ज्ञापन सौपे। छात्रों की पीड़ा को आष्टा प्रेस ने दमदारी से सरकार और प्रशासन तक पहुचाया। उसका बड़ा असर ये हुआ की कलेक्टर श्री प्रवीणसिंह ने इस मामले को संज्ञान में लिया और एक जांच दल गठित किया। जांच दल आष्टा आया,पीड़तीं के बयान लिये,कालेज कहा चलता है पहुचे,अस्पताल कहा है देखने गये लेकिन सब कुछ कागजो में ही मिला। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद कलेक्टर सीहोर ने उक्त महादेव नर्सिंग कॉलेज के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के स्वास्थ विभाग को निर्देश दिये। बीएमओ आष्टा की रिपोर्ट पर आष्टा पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर अज्ञात आरोपियों को ज्ञात करने की ओर जांच शुरू की। आष्टा थाने के एसआई श्री कोशलेंद्रसिंह ने आज बताया की जांच के दौरान जिन जिन बिंदुओं के तहत जांच की उसके आधार पर आरोपियों के नाम का खुलासा होता गया। अभी तक इस मामले में आठ आरोपियों के नामो का खुलासा हो गया है। महादेव नर्सिंग कॉलेज के खिलाफ दर्ज मामले में जिन आठ आरोपियों के नामो का खुलासा हुआ उनके नाम अजय कुमार श्रृंगी पिता ओमप्रकाश श्रृंगी निवासी गुवाड़ी उन्हेल जिला झालावाड़ राजस्थान,अभिषेक तिवारी पिता रवि प्रसाद तिवारी निवासी क्लीटर बस्ती के पास दमोह,सतीश कुमार



पिल्लई पिता के.एस पिल्लई वृंदावन नगर अयोध्या बायपास रोड भोपाल,हर्षवर्धन श्रृंगी पिता ओमप्रकाश श्रृंगी निवासी गुवाड़ी उन्हेंल झालावाड़ राजस्थान,डॉक्टर हरीश शर्मा पिता रामगोपाल शर्मा विद्यानगर होशंगाबाद रोड भोपाल,डॉक्टर हरि सिंह मकवाने हमीदिया अस्पताल भोपाल,नेहा सोनी हमीदिया अस्पताल भोपाल है।

**अभी जांच जारी है,अगर इसमें ओर भी नाम सामने आते है तो उनेह भी आरोपी बनाया जायेगा :** लगातार छात्रों के आंदोलन,मांगो को कवरेज करने पर नासमझ संचालक ने पत्रकारो के कैमरे ओर कलम को दबाने के लिये झूठी शिकायतों का अभियान भी चला था,पर सफल नही हुआ था। महादेव नर्सिंग कॉलेज के फर्जीवाड़े,मोटी फीस वसूली, छात्र-छात्राओं के ओरिजिनल डाक्यूमेंट्स अपने कब्जे में रखने, कागजों में महादेव नर्सिंग कॉलेज चलने, बताया अस्पताल कहीं भी नहीं मिलने, ट्रेनिंग एवं ड्रेस के नाम बड़ी राशि वसूल करने के आंदोलन को प्रेस के जिन जिम्मेदार चर्चित पत्रकारों ने जब लगातार छात्रों की आवाज को बुलंद किया तब इस नासमझ महादेव नर्सिंग कॉलेज के संचालक ने उनके कैमरे और कलम को झूठी शिकायते सोशल मीडिया पर डाल कर दबाने के भरसक प्रयास किये,उन पर झूठे आरोप लगाकर बदनाम करने की भी कोशिश की लेकिन जैसे ही सोशल मीडिया पर जिम्मेदार प्रेस के साथियों ने पलट वार किया वैसे ही घबराये इस नासमझ संचालक ने प्रेस पर लगाये आरोप की पोस्ट जो डाली थी दूसरे दिन ही इस नासमझ संचालक में सोशल मीडिया से उक्त पोस्ट को डिलीट किया तथा उसके बाद इसकी बोलती भी बंद हो चुकी थी।

### ये था पूरा मामला....

आष्टा नगर के सुभाष नगर में एक स्कूल के कुछ कमरों को किराये पर लेकर इसे महादेव नर्सिंग कालेज के रूप में शुरू कर विद्यार्थियों के प्रवेश कराये,कुछ माह बाद स्कूल संचालक ने उक्त भंवन खाली करा लिया उसके बाद मात्र कागजो पर चलने वाले महादेव नर्सिंग कालेज के पीड़ति ओर परेशान विद्यार्थी जब परेशान हो गये तब इस नर्सिंग कालेज के खिलाफ विद्यार्थी अपनी मोटी ली गई फीस वापस करने,4 साल से परीक्षा ना कराने, ड्रेस ट्रेनिंग के नाम पर पैसे बसूलने उसके बाद भी ना ड्रेस दी और ना ट्रेनिंग कराई जैसी शिकायतों को लेकर न्याय की मांग के साथ सड़को पर उतरे। इनकी पीड़ा में एनएसयूआई,अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने पूरा साथ दिया। सड़को पर आंदोलन हुआ,धरना दिया,तहसील थाने में प्रदर्शन किया। तब इस मामले की गंभीरता को देखते हुए संवेदनशील कलेक्टर श्री प्रवीणसिंह ने एक 4 सदस्यो का जांच दल गठित किया। जांच दल आया बारीकी से जांच की,पीड़तीं के बयान लिये तथा निष्कर्ष में बड़ी ढोल की पोल पाई। जांच रिपोर्ट कलेक्टर सीहोर को सौपी गई। कलेक्टर ने रिपोर्ट का अध्ययन किया जांच के तथ्य देखने के बाद इस मामले के नोडल अधिकारी को महादेव नर्सिंग कालेज के संचालक पर एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिये। वही विद्यार्थी की मांग थी कि जो फीस लाखो की जमा की है वो गरीब छात्रों को वापस दिलाई जाए,जो कीमती चार साल इस कॉलेज ने उनके बर्बाद किये उसका मुआवजा दिलाया जाये, कब्जे में रखे सभी के सभी ओरिजनल डाकयोमेन्ट वापस दिलाये,ड्रेस,ट्रेनिंग के नाम पर जो राशि वसूली थी वो भी वापस हो। स्मरण रहे नगर में फर्जी तरीके से संचालित महादेव नर्सिंग कॉलेज के संचालक के खिलाफ छात्र छात्राए तीन माह से न्याय के लिये आंदोलन कर रहे थे। शिकायतकर्ता छात्रों को ऑडियो के माध्यम से संचालक तरह तरह की धमकियां तक दे कर उन्हें कही भी ठोकने तक कि धमकी देता था। वही विद्यार्थी यो के साथ छात्र संगठन एनएसयूआई और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र नेताओं ने भी जमकर आंदोलन करते हुऐ महादेव नर्सिंग कॉलेज संचालक हर्ष वर्धन पर एफआईआर की मांग करते हुए ज्ञापन सौपे थे। जांच टीम को प्राथमिक जांच में महादेव नर्सिंग कॉलेज का भवन और अस्पताल कहीं भी संचालित होता हुआ नही मिला था तभी जांच समिति समझ चुकी थी की ये कोई छोटा नही बड़ा फ्राड है। वहीं कई बिंदुओं पर जांच टीम ने छात्र छात्राओं के बयान और संचालक से कॉलेज के महत्वपूर्ण दस्तावेज उपलब्ध कराए थे। ऐसे में अब जांच टीम के निष्कर्ष पर महादेव नर्सिंग कॉलेज के प्रबंधन पर सिहोर कलेक्टर प्रवीण सिंह ने एफआईआर दर्ज करने के नोडल अधिकारी को निर्देश दिए। इन धाराओं में हुआ है मामला दर्ज जांच अधिकारी कोशलेंद्रसिंह ने बताया की नोडल अधिकारी बीएमओ डॉ जीडी सोनी,सिविल अस्पताल आष्टा की रिपोर्ट पर महादेव नर्सिंग कॉलेज के संचालकों के खिलाफ धारा 420,419,218,409,467,468,471,120बी भादवि के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया गया था।

## श्रद्धा व आस्थाः खेड़ापति मंदिर में सैकड़ों श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचते हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

चेतन स्थल रुद्र अवतार हनुमान के रूप में खेड़ापति हनुमान मंदिर नगर में स्थित है श्रद्धा वह आस्था का केंद्र इस मंदिर में 11 फीट ऊंची खडगासन मूर्ति है। जिले की सबसे बड़ी ऐतिहासिक व पुरातात्विक की दृष्टि से आदित्य मूर्ति है यहां पर हनुमान जयंती को लेकर तैयारी तेजी से चल रही है यह मूर्ति खुदाई के समय मिली थी। हनुमान जी के दर्शन करने यहां पर काफी दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं मंदिर को हनुमान जयंती के लिए विशेष रूप से सजाया जा रहा है



मंदिर समिति के प्रमुख तेजसिंह ठाकुर ने बताया कि हनुमान जयंती 23 अप्रैल को धूमधाम से मनाई जाएगी इस दिन भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। शाम को

**भजन संध्या होगीः** मंदिर समिति शाम को भजन संध्या का भी आयोजन करेगी हनुमान जयंती को लेकर समिति द्वारा तैयारियां शुरू कर दी है हनुमान जयंती के अवसर पर मंदिर में सुबह हवन पूजन का भी कार्यक्रम होगा वही हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष नारायण सिंह ठाकुर ने बताया कि 23 अप्रैल को सुबह हनुमान जी को चोला चढ़ाया जाएगा । इसके बाद सुबह 10:00 से श्री राम मंदिर स्थित हनुमान जी को आरती व प्रसादी वितरण के बाद बेंड बाजो के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी जो नगर के यात्रा प्रमुख मार्गो से होते हुए खेड़ापति हनुमान मंदिर पहुंचेगी यहां पर महाआरती के बाद प्रसादी का वितरण होगा।

### चुनाव प्रचार में अभ्यर्थी 95 लाख रुपए तक व्यय कर सकेंगे

**सीहोर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अभ्यर्थी के लिए चुनाव प्रचार व्यय की सीमा 95 लाख रूपये निर्धारित की गई है। इसके लिये अभ्यर्थी को बैंक में एक पृथक खाता खोलना होगा और उन्होंने कहा कि रिटर्निंग अधिकारी से प्राप्त निर्वाचन व्यय रजिस्टर में सभी दैनिक व्यय लेखा का रख रखाव करना होगा। श्री राजन ने बताया कि सभी पोस्टर, बैनर, पम्प्लेट, हैण्डबिल, चाहे वे नाम निर्देशन के पहले मुद्रित/प्रकाशित किए गए हो, परंतु नाम निर्देशन के बाद उपयोग/ प्रदर्शित किए जा रहे हों, यह सभी अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में जुड़ेंगे और रैली आयोजन के लिए किराये/भाड़े पर लिए गए व्यावसायिक वाहनों के लिए सभी खर्च प्रचार व्यय लेखे में शामिल किया जाएगा। अभ्यर्थी द्वारा भाग ली गई किसी रैली/प्रदर्शित फोटो/मंच साझा करने आदि पर किये सभी व्यय भी व्यय लेखे में जोड़े जायेंगे।

## श्री नेमिनाथ मंदिर में स्वस्ति बहू मंडल ने गोद भराई कार्यक्रम आयोजित किया

**आष्टा।** जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव के पावन दिवस पर दिगंबर जैन समाज द्वारा मुनि संघ के पावन सानिध्य में रविवार 21 अप्रैल को सुबह 7 बजे किला मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। वहीं जादूगर ग्रुप द्वारा सुभाष चौक पर दोपहर 2 से 5 बजे तक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है। शनिवार को प्रभातफेरी पुलक - महिला जागृति मंच द्वारा निकाली गई। शुक्रवार की रात को स्वस्ति बहू मंडल द्वारा श्री नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर नेमि नगर में माता त्रिशला की गौद भराई एवं चौबीसी कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें समाज की काफी संख्या में महिलाओं ने शामिल होकर भगवान के भजन गाते हुए भक्ति की तथा गौद भराई कार्यक्रम किया। सभी को प्रभावना वितरित की।



भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव पर रविवार 21 अप्रैल को श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर से परम पूज्य वात्सल्य भाव के धनी समाधि सम्राट मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि मौन सागर महाराज ससंघ सानिध्य में भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा पालकी पर विराजमान कर शोभायात्रा निकाली जाएगी।जो किला मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई वापस किला मंदिर पर पहुंचेगी। वहां पर पूज्य मुनि सागर महाराज के आशीष वचन होंगे। वर्तमान शासन नायक 1008 भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महा महोत्सव परम्परा अनुसार परम पूज्य श्रमण श्री भूतबलि सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य पूज्य मुनि श्री मौन सागर जी महाराज, मुनि सागर महाराज एवं मुक्ति सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में पूर्ण भक्ति भाव के साथ मनाई जाएगी।

दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत दिनांक 20 अप्रैल शनिवार सायंकाल 7.30 बजे से माता की गोद भराई कार्यक्रम पुलक जन चेतना मंच महिला जागृति मंच प्रथम द्वारा आयोजित किया गया। वहीं सुबह प्रभातफेरी निकाली गईं ।21 अप्रैल रविवार प्रातः 6 बजे नित्य शांतिधारा अभिषेक किया जाएगा। दसलक्षण महामण्डल विधान पूजन होगी।रविवार को प्रातः 7.30 बजे श्री जी की शोभायात्रा किला मंदिर से प्रारम्भ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मानस भवन पहुंचेगी, वहां पर पूजा अर्चना कर वापिस प्रातः प्रातः 9 बजे किला मंदिर पहुँचेगी ।

वहां पूज्य मुनि सागर महाराज के आशीष वचन होंगे।बालक वर्धमान की पालना झुलाई श्री मृदुमन महिला मंडल द्वारा आयोजित की गई है।प्रातः 9.45 बजे मुनि संघ की आहार चर्या होगी।जन्म कल्याणक महोत्सव पर प्रभावना वितरण पुण्यार्जक डॉ राजेन्द्र कुमार ,नयन,अंकित जैन वर्धमान परिवार रहेंगे।श्री जी की शोभायात्रा में पुरुष वर्ग श्वेत वस्त्र एवं महिलाएं केसरिया वस्त्र धारण कर भक्ति भाव उल्लास के साथ सहभागिता कर पुण्य अर्जन करेंगे।

## तीसरे चरण के अंतिम दिन विदिशा और भोपाल में 47 अभ्यर्थियों ने भरे नाम निर्देशन पत्र

**सीहोर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार तीसरे चरण के लिये नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया सम्पन्न हुई। तीसरे चरण के लिये नाम निर्देशन पत्र के अंतिम दिन शुक्रवार को लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक क्रमांक-18 विदिशा में 19 अभ्यर्थियों द्वारा 23 नाम निर्देशन पत्र, लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-19 भोपाल में 28 अभ्यर्थियों द्वारा 41 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने बताया कि नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये गये अभ्यर्थियों के शपथ पत्र एवं अन्य जानकारियां भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट की लिंक https://affidavit.eci.gov.in/ पर देखी जा सकती हैं। नाम निर्देशन पत्र भर चुके प्रत्याशी सोमवार 22 अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। तीसरे चरण के लिए मंगलवार, 7 मई को मतदान होगा। सभी चरणों के मतदान की मतगणना मंगलवार, 4 जून को होगी।

### चौथे चरण के दूसरे दिन 21- देवास से 01 अभ्यर्थियों ने भरे नाम निर्देशन-पत्र

**सीहोर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार चौथे चरण के लिये नाम निर्देशन-पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया जारी है। चौथे चरण के लिये नाम निर्देशन-पत्र के दूसरे दिन शुक्रवार को लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक- 21 देवास (अजा) में 1 अभ्यर्थी द्वारा 1 नाम निर्देशन-पत्र दाखिल किया गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने बताया कि नाम निर्देशन-पत्र दाखिल किये गये अभ्यर्थियों के शपथ पत्र एवं अन्य जानकारियां भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट की लिंक https://affidavit.eci.gov.in/ पर देखी जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि नाम निर्देशन-पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि गुरूवार, 25 अप्रैल है। इसके अगले दिन शुक्रवार, 26 अप्रैल को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। नाम निर्देशन-पत्र भर चुके प्रत्याशी सोमवार, 29 अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। चौथे चरण के लिए सोमवार, 13 मई को मतदान होगा। सभी चरणों में हुये मतदान की मतगणना मंगलवार, 4 जून को होगी।

### शासकीय अवकाश, बैंक अवकाश के दिनों में कृषि उपजों व लहसन, प्याज की नीलामी बंद रहेगी

**सीहोर।** अप्रैल माह के दौरान शासकीय अवकाश एवं बैंक अवकाश होने के कारण कृषि उपज मण्डी सीहोर में कृषि उपजों एवं लहसुन-प्याज का नीलामी का अवकाश रहेगा। सहायक संचालक एवं सचिव कृषि उपज मण्डी समिति ने बताया कि अप्रैल माह में विभिन्न त्योहारों, शासकीय अवकाश एवं बैंक अवकाश होने से मण्डी में कृषि उपजों एवं लहसुन-प्याज का नीलामी का अवकाश रहेगा। सचिव ने जानकारी देते हुये बताया कि 21 को रविवार साप्ताहिक अवकाश, 27 को चौथा शानिवार और 28 को रविवार साप्ताहिक अवकाश होने के कारण कृषि उपजों एवं लहसुन-प्याज का नीलामी का अवकाश रहेगा। समस्त किसान भाई कृषि मण्डी में अवकाश के दौरान अनाज की नीलामी एवं लहसुन-प्याज की नीलामी का अवकाश होने से अपनी कृषि उपज,दिवस लहसुन- प्याज आदि विक्रय के लिए नहीं लावें और अपने आसपास के किसान भाईयों को भी अवगत कराने का कष्ट करें।

### प्रिंट, इलेक्ट्रानिक और सोशल मीडिया पर रहेगी पैनी नजर

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 की घोषण के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। इस दौरान अखबार और टीवी चैनलों में विज्ञापनों और पेड न्यूज की मॉनिटरिंग करने के साथ ही भारत निर्वाचन आयोग के दिशा - निर्देशों के अनुसार सोशल मीडिया पर भी पूरी नजर रखी जायेगी। प्रिंट, इलेक्ट्रानिक एवं सोशल मीडिया पर प्रचार का खर्च भी अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में जोड़ा जाएगा। अभी तक चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों के द्वारा अखबार में प्रकाशित कराए जाने वाले समाचार, विज्ञापन और अलग-अलग चैनल पर दिखाए जाने वाले विजुअल पर ही नजर रखी जाती थी। बदलते समय के साथ अब इस बार के लोकसभा निर्वाचन में सोशल मीडिया की पोस्ट को भी प्रचार का हिस्सा माना जाएगा। चुनाव के खर्चे में सोशल मीडिया का खर्च भी जोड़ा जाएगा।

### शिविर में महिला सशक्तिकरण के बारे में दी जानकारी

## मीडिएशन जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार दिनांक 20 अप्रैल 2024 को प्रधानमंत्री कौशल विकास सेंटर, आष्टा में मीडिएशन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन तहसील विधिक सेवा समिति, आष्टा की अध्यक्ष प्रथम जिला न्यायाधीश शिप्रा पटेल के द्वारा किया गया। जिसमें श्रीमती पटेल ने बताया कि मध्यस्थता की सरल प्रक्रियात्मक प्रकृति विवादित पक्षों को आसानी से सहमत समाधान पर आने के लिए प्रोत्साहित करती है। मध्यस्थता कार्यवाही मुख्य रूप से मध्यस्थता नियमों का काम करती है जिन्हें प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के आधार पर तैयार किया गया है। वे पारंपरिक अदालती लड़ाइयों में आवश्यक प्रक्रियात्मक कानूनों की तरह जटिल नहीं हैं जहां काननूी विवाद वर्षों तक चलता जाता है। अधिक लचीले और कम औपचारिक मध्यस्थता नियम पक्षों के बीच एक त्वरित विवाद समाधान सुनिश्चित करते हैं, एवं उमेश पटेल द्वितीय जिला न्यायाधीश, आष्टा द्वारा महिला सशक्तिकरण के विषय में बताते हुए कहा कि महिलाओं का आर्थिक रूप से सशक्त होना




उनके पूरे भविष्य को तय करता है। यदि अपने निर्णय स्वयं ले सकती है तो सही मायने में हम पूरी तरह से आजाद हैं। अनेक मसलों पर निर्णय निर्भरता की वजह से प्रभावित होता है। आज ये परिस्थितियां बदली है। महिलायें घरों से बाहर निकली है पढ़ कर सभी क्षेत्रों में कार्य कर रही है। शिविर का संचालन श्री मुकेश राठौर द्वारा किया गया। उक्त शिविर में राजाराम मालवीय, संचालक प्रधानमंत्री कौशल विकास सेंटर, आष्टा, पैरालीगल वालंटियर पदम सिंह, अन्य स्टॉफ एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

## मुंगावली में शिक्षकों की सराहनीय पहलः घर-घर जाकर बच्चों को स्कूल लाने का प्रयास कर रहे शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

1 अप्रैल से स्कूल का सत्र 2024-25 चालू हो गया है, लेकिन स्कूल में बच्चों की संख्या काफी कम है। इसके लिए स्कूल शिक्षकों ने पहल शुरू की है। वे घर-घर जाकर बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रेरित कर रहे हैं, ताकि उन्हें सही शिक्षा प्राप्त हो सके।

प्राचार्य आर.डी.सोलंकी ने बताया कि हम सभी स्कूल शिक्षक और शिक्षिकाएं मिलकर बच्चों के अभिभावक से मिल रहे हैं।

उन्हें बताया जा रहा है कि अपने बच्चों को स्कूल जरूर भेजें और उन्हें शिक्षित बनाएं, ताकि वह विकसित भारत के निर्माण में भागीदारी दे सकें। बच्चों से मिलकर भी अनुरोध कर रहे हैं कि वह स्कूल आए और अपना सत्र चालू करें।



मुंगावली के आसपास के गांवों में हायर सेकेंडरी स्कूल नहीं है, इसीलिए सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं आसपास के गांव जैसे रायपुरा, सेमरादांगी, डोबरा, मुहाली, हसनपुरा आदि गांवों मे भी जाकर बच्चों से मिल रहे हैं और उन्हें स्कूल आने का अनुरोध कर रहे हैं। स्कूल में जाने पर पता चला कि स्कूल में बच्चों की संख्या तो काफी कम है।